पुस्तकालय

1

3332
5/7/14

सत्यमेव जयते

असंशोधित

30 JUN 2014

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
पं०सं०प्रे०सं० 232 तिथि 3-7-14

एक ही न राह है।

डा० अच्युतानंदः- दोनों का राह एक ही है लेकिन जाम की समस्या से लोग परेशान है, दोनों जगह तो इसका निदान न होना चाहिए महोदय।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्रीः- महोदय, केवल माननीय सदस्य का प्रश्न और हमारा उत्तर ही एक नहीं है,कभी-कभी इनका रास्ता और हमलोगों का रास्ता भी एक ही होता है,उधर से हम भी जाते हैं। इसलिए हमने कहा कि यह जाम की समस्या होती है महनार बाजार में भी, इससे माननीय सदस्य भी अवगत है,हमलोगों ने जिला प्रशासन के तरफ से विशेष रुप से कहा है कि नगर पंचायत के द्वारा जो सड़क के दोनों ओर छोटे-छोटे वेंडरों को सब्जी या फल की दूकान लगाने की जो बंदोवस्ती की जाती है,उसको भी रोकने की आवश्यकता है, उनलोगों को कहीं अलग स्थान उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। हमने कहा है कि इस संबंध में भी आगे की कार्रवाई की जायगी।

डा० अच्युतानंदः- महोदय, कोई बंदोवस्ती नही है। यह जो फल लगाने का वेंडर का,कोई बंदोवस्ती नहीं है, न टेम्पो स्टैंड का, न बस स्टैंड का,नगर पंचायत में बेवजह बस लगाकर/टेम्पो लगाकर तथा आम, फल और लींची का वेंडर लगाकर उसको जाम किये रहता है,यदि कोई पूछता है तो उससे झगड़ने को तैयार हो जाता है,प्रशासन तो उससे वसूली करता है,वह रिश्वतखोरी का जरिया है दोनों जगह महोदय। इसलिए कितने दिनों के अंदर जाम की समस्या का निदान करायेंगे,आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ।

अध्यक्षः- माननीय मंत्री जी, गंभीरता से इसे दिखवा लीजिये। बहुत गंभीर सवाल इन्होंने किया है।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्रीः- ठीक है।

तारांकित प्रश्न संख्याः- ४ (मा०सदस्य श्री राहुल कुमार)

माननीय प्रश्नकर्ता सदस्य अनुपस्थित।

घटना भी प्रतिवेदित नहीं हुई है और अगर आप कह रहे हैं,उस तरह की विशेष परिस्थिति जब बनेगी तो उस पर सरकार विचार करेगी ।

श्री जवाहर प्रसाद : महोदय, घटना तो कई बार हुई है । माननीय मंत्री कह रहे है कि पिछले एक साल में कोई घटना नहीं हुई है, घटना कई बार हुई, माननीय मंत्री ने कहा कि वहां पर स्थायी प्रतिनियुक्ति किया है तो कबतक स्थायी प्रतिनियुक्ति रहेगी, सालो भर रहेगा या एक हफ्ता ? जब हम प्रश्न किये हैं तो रात में पुलिस पहुंची है और कोई पेट्रोलिंग ड्यूटी रात में नहीं होती है क्योंकि रात में मैं वहीं सोता भी हूं । वहां पर रात में नहीं चलती है । इसलिए मेरा आग्रह है कि यह जो ड्यूटी आपने दी है, यह लगातार सालोभर रहे, यह मेरी आपसे आग्रह है । कह दीजिये कि सालोभर रहेगा ?

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : महोदय, लगता है कि माननीय सदस्य हिन्दी की बात कम समझते हैं, हम कहे रहे हैं कि स्थायी प्रतिनियुक्ति किये हैं और वे कह रहे हैं परमानेन्ट कर दीजिये । परमानेन्ट स्थायी नहीं तो और क्या है ?

श्री नन्द किशोर यादव,नेता,विरोधी दल : माननीय सदस्य बार-बार कह रहे हैं कि फिर से कह दीजिये ।

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : भरोसा तब तक नहीं था, जब आप थे इधर,उनको भरोसा करना चाहिए ।

श्री नन्द किशोर यादव,नेता,विरोधी दल : भरोसा तो उसी के बाद टूटा है । भरोसा तोड़नेवालों में एक आप भी है ।

....

तारांकित प्रश्न संख्या : ६ (मा०स०श्री राजेश सिंह)

अध्यक्ष : माननीय सदस्य श्री राजेश सिंह । माननीय सदस्य श्री राजेश सिंह । यह प्रश्न भी स्थानान्तरित है शिक्षा विभाग को ।

तारांकित प्रश्न संख्याः ७ (मा०स०श्रीमती गुलजार देवी)

अध्यक्ष : माननीय प्रभारी मंत्री, गृह आरक्षी विभाग।

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : महोदय,वस्तुस्थिति यह है कि घोघरडीहा थाना के लिये खाता संख्या ११९४ खेसरा संख्या ४५२ में से एक एकड़ भूमि को आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल,दरभंगा के ज्ञापांक ११७५दिनांक १९.०५ के द्वारा गृह आरक्षी विभाग को हस्तांतरित किया जा सकता है । घोघरडीहा थाना भवन के निर्माण हेतु पुलिस आधुनिकीकरण योजना के अन्तर्गत ७० लाख रूपये की भी स्वीकृति दी जा चुकी है। अतएव घोघरडीहा थाना भवन के निर्माण हेतु कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है और इसे शीघ्र पूरा कर लिया जायेगा ।

श्रीमती गुलजार देवी : कबतक पूरा किया जायेगा ? जब से थाना बना तब से वह थाना तो चलता है दूसरे भवन में । अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से आग्रह करती हूं कि भवन और भूमि उपलब्ध कराया जाये,एक समय-सीमा तय किया जाय ।